## सार-समाचार

### दिव्यांग अभिभावक परामर्शदात्री कार्यक्रम आयोजित

**सायला, (निसं)।** उपखण्ड मुख्यालय के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सायला में अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक जालोर एवं मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सायला के निर्देशानुसार विशेष छात्र-छात्राओं के लिए अभिभावक परामर्शदात्री कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें 5० से अधिक दिव्यांग छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों ने भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नोडल विद्यालय के प्रधानाचार्य कमलकांत दुप्पट ने कहा कि दिव्यांग बच्चों एवं उनके अभिभावकों की समस्याओं के समाधान के लिए नोडल विद्यालय का स्टाफ सदैव तत्पर है। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अधिक जागरूक रहने की अपील की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे रेवतडा प्रधानाचार्य किशोरसिंह राजपुरोहित ने दिव्यांग बच्चों को समाज की मुख्यधारा से जोडने, खेलकूद एवं अन्य सह-शैक्षणिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया। विशिष्ट अतिथि अशोक कुमार गर्ग साक्षरता प्रभारी एवं प्रधानाचार्य कृष्णानंद ने दिव्यांग बच्चों व उनके अभिभावकों को राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक सायला आरपी विशेष शिक्षा घनश्याम सैन एवं विशेष शिक्षा प्रभारी अरुण कुमार ब्रह्मभट्ट ने किया। इस दौरान दिव्यांग प्रमाण पत्र एवं रोडवेज बस पास बनवाने से संबंधित विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। डॉ. गौरव ने विशेष छात्र-छात्राओं को फिजियोथेरेपी संबंधी परामर्श भी दिया। इस दौरान सुरेन्द्र, राजेश, विशेष शिक्षक जितेंद्र विश्नोई, तनु शर्मा, गुड्डी ग्वाला, साक्षी मीणा आदि उपस्थित रहे।

### राजनीति के चलते धरना कमजोर

**धोरीमना, (कासं)।** धोरीमना व गुडामालानी को बाडमेर से बालोतरा जिले मे ंशामिल करने की मांग को लेकर चल रहा धरना धीरे धीरे राजनीति के चलते कमजोर होता जा रहा है। कांग्रेस पार्टी की ओर से चल रहे 9 में दिन धरना धरने का संचालन कर रही पूर्व मंत्री हेमाराम चौधरी ने बताया कि नव दिन से लगातार में धरने पर बैङ्गा हूं। लेकिन राजस्थान सरकार के प्रशासन ने आज तक नहीं पूछा कि आप धरने पर क्यों बैङ्गे हो धरना राजनीति का शिकार बन गया। वही चौधरी ने कहा मेरी कोई आपत्ति है तो मैं धरना छोडकर जा सकता हूं मेरी कोई गलती हुई हो तो मुझे सजा दो। लेकिन गुडामालानी की जनता को परेशान मत करो, विपक्ष को ऐसा लगता है कि धरने पर बैङ्गे सारे कांग्रेसी कार्यकर्ता है। चौधरी का मुझे लग रहा है कि इस प्रकार कोई सुनवाई नहीं होगी और कई लोग धरने को फेल करने में लगे हुए हैं। प्रदर्शन बहुत ही फीका रहा हमेशा से बहुत ही कम संख्या में कार्यकर्ता धरने पर आए दिनों दिन कांग्रेस कार्यकर्ताओं का मनोबल गिर रहा है। ऐसा लग रहा है कि यह धारणा धीमे-धीमे कमजोर होने जा रहा है कार्यकर्ताओं के चेहरे पर मुस्कान नहीं देखने को मिली कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गौरव बिश्नोई सांचौर किसनाराम बिश्नोई बीकानेर खरताराम चौधरी बाडमेर पूर्व प्रधान सोहनराम चौधरी सिणधरी कई कांग्रेस के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### केलावा में गौवंश हत्या के विरोध में उबाल

**पोकरण, (निसं)।** गौ हत्या संघर्ष समिति पोकरण के तत्वावधान में पंचायत समिति सांकडा मुख्यालय के आगे उपखंड के केलावा गांव में गौवंश की नृशंस हत्या की घटना को पोकरण विधायक महंत प्रताप पुरी महाराज के नेतृत्व में विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, गो हत्या संघर्ष समिति, के आव्हान पर शनिवार को घटना के विरोध में विधायक पुर्व जैसलमेर विधायक सागसिंह भाटी, पुर्व विधायक शैतान सिंह, भाजपा युवा नेता आइदान सिंह भाटी,संत समाज एवं गौभक्तों ने मौके पर ही उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर इस प्रकार की घटनाओं पर रोक लगाने तथा दोषियों के खिलाफ कडी से कडी कार्रवाई की मांग की।

### मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत एक दिवसीय उपवास

**फलोदी, (निसं)।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार अधिनियम (मनरेगा) देशभर में लागू किया गया था, जो विश्व की सबसे शानदार रोजगार गारंटी का अधिकार देने वाला कानून बनकर देश के आम लोगों को मिला था। लेकिन दुर्भाग्यवश इस महती रोजगार गारंटी योजना के स्थान पर वर्तमान जन विरोधी सरकार द्वारा मनरेगा के स्थान पर नया बिल लाया गया। जिसको लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार आज 11 जनवरी को बी.आर. आंबेडकर उद्यान में एक दिन का उपवास कार्यक्रम रखा गया है। फलोदी जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद सलीम नागोरी ने बताया कि इस उपवास व एक दिवसीय धरना कार्यक्रम में सभी वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ता गण, जिला कांग्रेस कमेटी के निवर्तमान पदाधिकारी, सासंद प्रत्याशी, विधायक प्रत्याशी, पूर्व विधायक, निवर्तमान परिषद अध्यक्ष, निवर्तमान पार्षद, पार्षद प्रत्याशी, पूर्व पार्षद, ब्लॉक अध्यक्ष और कार्यकारिणी, मंडल अध्यक्ष के साथ कार्यकारिणी, अग्रिम संगङ्गन के अध्यक्ष व उनकी कार्यकारिणी सभी बूथ अध्यक्ष व सभी कांग्रेस जन बसी संख्या में उपस्थित रहेंगे।

### हिंदू सम्मेलन को लेकर बैङ्गक हुई

**फलोदी, (निसं)।** विराट हिन्दू सम्मेलन को लेकर फलोदी के आदर्श नगर बस्ती की रविवार को बैङ्गक महंत वीरमदेव महाराज की अध्यक्षता में शहर के नागौर रोड स्थित सिद्धिविनायक मंदिर प्रांगण में आयोजित की गई। इस बैङ्गक में हिंदू सम्मेलन की आयोजन तिथि 1 फरवरी तय की गई तथा समय दोपहर 2.30 बजे से 4.30 के मध्य स्थान कुंज बिहारी उद्यान में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। भाजपा के युवा नेता गजेंद्र जोशी ने बताया कि रविवार को आयोजन समिति का भी गङ्गन किया गया तथा आयोजन समिति के द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई। जिसमें हिन्दू समाज के सभी वर्गों से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर कार्यक्रम को भव्य एवं ऐतिहासिक बनाया जाए इसके बारे में चर्चा की गई। कार्यक्रम में अधिकतम संख्या रहे इसके निमित आदर्श नगर बस्ती को पांच उप बस्तियों में विभाजित कर अलग-अलग टोली का निर्माण किया गया और प्रत्येक घर से संपर्क कर पीले चावल देकर उनको आमंत्रित करके कार्यक्रम तय किया गया। बैङ्गक में बस्ती के सभी वर्गों के सज्जन व्यक्तियों ने भाग लिया। बैङ्गक में उपस्थित लोगों ने अपनी जिम्मेदारी तय करते हुए हिंदू सम्मेलन में अधिक से अधीन संख्या बल जुटाने का आश्वासन दिलाया।

### भंवरलाल पंवार का निधन

**बालोतरा, (निसं)।** पचपदरा रोड पर शनिवार शाम हुए एक भीषण सडक हादसे में बालोतरा के वरिष्ठ पत्रकार और पूर्व पार्षद भंवरलाल पंवार का असामयिक निधन हो गया। इस हृदयविदारक घटना के बाद पूरे शहर और पत्रकारिता जगत में शोक की लहर दौड गई है। हादसा उस समय हुआ जब भंवरलाल पंवार पचपदरा रोड से गुजर रहे थे, तभी एक अनियंत्रित बस ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पंवार का मौके पर ही निधन हो गया। घटना की सूचना मिलते ही बालोतरा पुलिस और बडी संख्या में लोग घटनास्थल पर एकत्रित हो गए। भंवरलाल पंवार न केवल पत्रकारिता के क्षेत्र में एक वरिष्ठ और सम्मानित नाम थे, बल्कि उन्होंने पूर्व पार्षद के रूप में भी सार्वजनिक जीवन में सक्रिय भूमिका निभाई थी। उनके निधन की खबर फैलते ही सोशल मीडिया और प्रेस जगत में शोक संवेदनाओं का तांता लग गया है। पत्रकारों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने इसे अपूरणीय क्षति बताया है।

### खुदाई में निकले 1100 कारतूस

**बीकानेर।** यहां महाजन में एक अस्पताल की खुदाई में 1100 से ज्यादा जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। अब कारतूस से भरा ये थैला कौन और कब छिपाकर गया, ये जांच का विषय है। महाजन कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहे निर्माण कार्य में खुदाई के दौरान मजदूरों को जिंदा कारतूसों का जखीरा मिला। एक बार तो मजदूरों में हड़कंप मच गया। बाद में इसकी सूचना पुलिस को दी गई। थाना अधिकारी भजनलाल ने बताया कि स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में निर्माण कार्य के दौरान ट्रैक्टर चलाया जा रहा था। जमीन को समतल करने के लिए चलाए गए ट्रेक्टर आगे बढ़ता, इससे पहले कुछ अटक रहा था। ट्रैक्टर में कुछ फंसा तो मजदूरों ने जाकर देखा तो एक प्लास्टिक का छोटा बोरा (कट्टा) फंसा हुआ था। इसमें कील जैसा कुछ सामान था। खोलकर देखा तो मजदूरों के होश उड़ गए। इस कट्टे में जिंदा कारतूस भरे हुए थे। मौके पर मौजूद सभी मजदूर घबरा गए और पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने जाकर जब खोलकर देखा गया तो भीतर बड़ी संख्या में जिंदा कारतूस भरे हुए पाए गए। कारतूसों को अपने कब्जे में लेकर क्षेत्र को सुरक्षित किया। पुलिस ने बताया कि ये एसएलआर (सेल्फ लोडेड रिवॉल्वर) के राउंड बरामद किए हैं।

# मनरेगा जनआंदोलनके तहत एक दिवस का सांकेतिक उपवास रखा

- संग्राम जनआंदोलन के तहत 11 जनवरी को एक दिवस का सांकेतिक उपवास कार्यक्रम जिलाध्यक्ष रमिला मेघवाल के नेतृव में डॉ भीमराव अंबेडकर सभा स्थल हरिदेव जोशी सर्किल जालोर में रखा गया।
- कांग्रेसजन ने संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर मालार्पण किया। साथ ही पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री के पुण्यतिथि के अवसर पर शास्त्रीजी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

**जालौर, (कासं)।** केन्द्र की भाजपा सरकार द्वारा ग्रामीण आजीविका पर किए गए गंभीर हमले को देखते हुये जिला कांग्रेस कमेटी जालोर कि ओर से मनरेगा बचाओ संग्राम जनआंदोलन के तहत 11 जनवरी को एक दिवस का सांकेतिक उपवास कार्यक्रम जिलाध्यक्ष रमिला मेघवाल के नेतृव में डॉ भीमराव अंबेडकर सभा स्थल हरिदेव जोशी सर्किल जालोर में रखा गया।

सर्वप्रथम समस्त कांग्रेसजन ने संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर मालार्पण किया। साथ ही पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री के पुण्यतिथि के अवसर पर शास्त्रीजी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। तपश्चात समस्त कांग्रेसजन द्वारा एक दिवसीय सांकेतिक उपवास कार्यक्रम आयोजित कर वीबी- ग्राम-जी विधेयक को वापस लेने और मनरेगा को उसके मूल स्वरूप में बहाल करने की बात आमजन के समक्ष रखी। ताकि काम के अधिकार की रक्षा की जा सके और मनरेगा कोउसके मूलअधिकार-आधारित स्वरूप में बहाल किया जा सके।समस्त कांग्रेसजन ने भोजन नही करके उपवास कार्यक्रम किया।

सांकेतिक एक दिवसीय उपवास के दौरान पूर्व मंत्री सुखराम विश्नोई द्वारा सभी कांग्रेस पदाधिकारी एवम कार्यकर्ताओं को मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान के तहत शपथ दिलवाई गयी। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष रमिला मेघवाल, पूर्व मंत्री सुखराम विश्नोई, पूर्व मंत्री पुखराज पाराशर,रानीवाडा विधायक रतन देवासी,आहोर कांग्रेस प्रत्याशी सरोज चौधरी,सवाराम पटेल, ईशराराम विश्नोई,जिला प्रवक्ता योगेंद्र सिंह कुम्पावत, संगङ्गन महासचिव वीरेंद्र जोशी,भोमाराम मेघवाल, सवाई सिंह चंपावत, गजेन्द्र सिंह डोडियाली, गलबराम मीणा महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष कँवर, सेवादल जिलाध्यक्ष भेरूपाल सिंह, एन एस यू आई जिलाध्यक्ष सुष्मिता गर्ग, एस सी जिलाध्यक्ष खसाराम मेघवाल, अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष जाकिर खान, ओबीसी जिलाध्यक्ष सी एल गहलोत, रमेश सोलंकी, जवानाराम परिहार, बसंत सुथार, आम सिंह परिहार, पुखराज विश्नोई, कुशाल सिंह राजपुरोहित, पीर सिंह मालपुरा, प्रेम सिंह मिङ्गडी, मोती सिंह निम्बलना,सुरेश मेघवाल, पन्ने सिंह पोषाणा,नागेश जेन, प्रकाश मेघवाल, आलम खान, सद्दाम राजड, अमर सिंह, महेंद्र सोनगरा, कमल सिंह बालावत, जीवाराम चौहान, इकबाल खान, सोनाराम मेघवाल,बंशीलाल माली जगदीश सरगरा, उम्मेद सिंह चारण, पुखराज माली, हिंदल खान, इंद्र सिंह दहिया,पृथ्वी सिंह भाटी , गोविन्द मेघवाल,कृष्ण कुमार वनिका जोगाराम सरगरा, छगन आर्य सहित तमाम कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# स्नेह मिलन समारोह व प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

**जालोर, (कासं)।** निकटवर्ती बेदाना स्थित प्रकाश फार्म हाउस में रविवार को विश्वकर्मा विकास परिषद (आहोर-हरजी) के तत्वावधान में रविवार को भव्य स्नेह मिलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम महंत सनातन गिरी महाराज एवं महेश नाथ जी महाराज के पावन सानिध्य में आयोजित किया गया।

समारोह को संबोधित करते हुए महंत सनातन गिरी महाराज ने कहा कि संस्कार के बिना शिक्षा अधूरी है। महंत सतनातन गिरी महाराज ने बढते व्यसन और फैशन पर चिंता जताते हुए युवाओं से अपनी सनातन संस्कृति के अनुसार जीवन जीने और समाज की एकता को मजबूत करने का आव्हान किया। मुख्य अतिथि राजीव सुथार ने व्यावहारिक शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि विद्यार्थियों को रोजगार के लिए सही मार्गदर्शन की आवश्यकता है। उन्होंने परिषद को साल में एक दिन कॅरियर गाइडेंस कार्यक्रम या ऑनलाइन प्लेटफॉर्म आयोजित करने का सुझाव दिया। उन्होंने युवाओं से मोबाइल फोन का सकारात्मक उपयोग करने और देश-दुनिया की जानकारी के लिए नियमित अखबार पढने की आदत डालने का आव्हान किया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान विश्वकर्मा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन से हुई। संस्थान के संरक्षक खींमाराम सुथार ने स्वागत भाषण में परिषद के सेवा कार्यो की जानकारी दी। अध्यक्ष प्रकाश सुथार ने बताया कि संस्था शिक्षा, सेवा और समर्पण के ध्येय के साथ निरंतर समाज की प्रतिभाओं को आगे बढाने का कार्य कर रही है। समारोह में 180 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। विशेष रूप से 73 मेधावी छात्रों को तुलसी पुरस्कार से नवाजा गया। साथ ही, नवनियुक्त सरकारी सेवा के बंधुओं का बहुमान किया गया। कार्यक्रम में तारा सुथार ने कविता पाङ्ग किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में भंवरलाल सुथार (अध्यक्ष, श्री विश्वकर्मा वंश सुथार सेवा समिति), डॉ. वीरेंद्र हमथानी (उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी), नेमा राम सुथार, शांति लाल सुथार, पुष्कर राज सुथार, नेना राम सुथार आदि मौजूद थे।

# मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत कांग्रेस का एक दिवसीय उपवास व धरना

**फलोदी, (निसं)।** मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत एक दिवसीय धरना व उपवास कार्यक्रम जिला कांग्रेस कमेटी फलोदी के तत्वावधान में अंबेडकर उद्यान में रखा गया। कार्यक्रम का आगाज सर्वप्रथम महात्मा गांधी की तस्वीर एवं डॉ बी आर अंबेडकर की प्रतिमा पर माला अर्पण करने के साथ हुआ।

उपवास प्रोग्राम की शुरुआत गायक कलाकार दिनेश दरबारी स्वरूप एंड पार्टी के माध्यम से अल्लाह ईश्वर तेरो नाम सबको समंती दे भगवान के साथ हुई। तत्पश्चात उपस्थित सभी वक्ताओं ने क्रमशः भारत सरकार द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह एवं यूपीए की चेयरपर्सन सोनिया गांधी के शासनकाल में 2005 -0 6 के दौरान महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार अधिनियम (मनरेगा) देशभर में लागू किया गया था। जो विश्व की सबसे शानदार रोजगार गारंटी का अधिकार देने वाला कानून बनकर देश के आम लोगों को मिला था। लेकिन दुर्भाग्यवश इस महती रोजगार गारंटी योजना के स्थान पर वर्तमान जन विरोधी सरकार द्वारा मनरेगा के स्थान पर विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण जो दिसंबर 2025 को मनरेगा को समाप्त कर नया कानून बनाया गया। जिसका पुरजोर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। उपवास के दौरान अपने विचार व्यक्त करते हुए मोहम्मद सलीम नागौरी जिला अध्यक्ष फलोदी ने कहा कि केंद्र सरकार जो नया बिल लाई है व मनरेगा की आत्मा को खत्म कर रही है। साथ ही रोजगार गारंटी कानून को समाप्त कर दिया गया हैं। सरकार को अपने फैसले पर पुनर्विचार करना चाहिए। महात्मा गांधी के नाम का अपमान को देश की जनता कभी बर्दाश्त नहीं करेगी। कार्यक्रम के दौरान जिले के सभी मंडल अध्यक्षों का जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा अभिनंदन किया गया साथ ही नव नियुक्त मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति प्रदान करते हुए, मनरेगा बचाओं संग्राम के तहत किए जाने वाले कार्यक्रमों को अपने-अपने मंडल स्तर पर करने के निर्देश दिए गए। कार्यक्रम में वक्ता के रूप मे मोहम्मद सलीम नागौरी जिला अध्यक्ष,कुंभ सिंह पातावत, रेशमा राम, ,शकूर खान मेहर, सही राम नैन, केसुराम ब्लॉक अध्यक्ष बाप, पुखराज मेघवाल ब्लॉक अध्यक्ष लोहावट,एडवोकेट सतीश बिश्नोई, एडवोकेट मजीद खिलजी, एडवोकेट हरेंद्र सिंह, कैलाश यूथ अध्यक्ष, पुरखाराम चौधरी जिला,अध्यक्ष अभाव अभियोग,महबूब कलर, हुकमा राम बिश्नोई,शीशपाल बिश्नोई जितेंद्र सिंह, महबूब कलर,चुन्नी लाल,प्रेम पवार,आदि ने अपने विचार रखें। उपवास प्रतिशोध कार्यक्रम में श्रीगोपाल व्यास, जगदीश पालीवाल,नेनु खान हिंडाल गोल,डॉ फारूक,राहुल चौधरी,भैराराम मकवाना,मोहन मेघवाल, नटवरलाल मेघवाल ,अशोक मंडला खुर्द,मनोज पुरोहित बाप, अशोक व्यास आदि मौजूद थे।

## हिंदू सम्मेलन की तैयारी

**रेवदर, (निसं)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में प्रस्तावित हिंदू सम्मेलन की तैयारी एवं व्यवस्था को लेकर रेवदर मंडल की एक महत्वपूर्ण बैङ्गक आयोजित हुई।

बैङ्गक में हिंदू समाज के विभिन्न वर्गों से जुडे गणमान्य नागरिकों सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं स्वयंसेवकों ने स यि भागीदारी निभाई। बैङ्गक में सम्मेलन के उद्देश्य व स्वरूप पर चर्चा कर आयोजन स्थल एवं व्यवस्थाओं को लेकर विस्तृत विचार विमर्श किया गया। सम्मेलन की तिथि निश्चित की गई जिसकी औपचारिक घोषणा शीघ्र की जाएगी। कार्य म को प्रभावशाली बनाने के लिए आवश्यक तैयारी पर बल दिया गया। कार्य म में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी पर विशेष ध्यान दिया गया। बैङ्गक में वक्ताओं ने कहा कि यह हिंदू सम्मेलन समाज में एकता, सांस्कृतिक चेतना और सामाजिक समरसता को सुदृढ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित होगा। बैङ्गक में उपस्थित लोगो ने सम्मेलन को सफल बनाने के लिए पूर्ण सहयोग का संकल्प लिया।

# दलपतसिह उर्फ प्पसा भाटी का देवलोक गमन

- गांव में शोक की लहर , घर घर में संवेदना का वातावरण

**जालोर, (कासं)।** थलवाड गांव में समाजसेवी व पूर्व रियासत के ङ्काकुर दलपत सिंह भाटी के देवलोक गमन की खबर फैलते ही पूरे गांव सहित आसपास के क्षेत्र में शोक की लहर दौड गई। उनके निधन की सूचना मिलते ही शनिवार को थलवाड गांव में सभी प्रतिष्ठान स्वेच्छा से बंद रहे और गांव का माहौल पूरी तरह गमगीन नजर आया। हर वर्ग के लोगों में शोक व्याप्त रहा तथा घर-घर में शांति और संवेदना का वातावरण देखने को मिला।

दलपत सिंह भाटी सामाजिक सेवा, जनहित और गांव के विकास कार्यो के लिए सदैव अग्रणी रहे। उन्होंने अपने जीवनकाल में शिक्षा, गरीबों की सहायता, सामाजिक समरसता और ग्राम विकास के लिए उल्लेखनीय योगदान दिया। वे बल्कि सरल, मिलनसार और सेवाभावी व्यक्तित्व के धनी भी थे। उनके नेतृत्व और मार्गदर्शन में कई सामाजिक कार्य संपन्न हुए, जिनका लाभ आज भी गांववासी महसूस कर रहे हैं। जैसे-जैसे उनके निधन की खबर आसपास के गांवों में पहुंची, वैसे-वैसे थलवाड गांव में श्रद्धांजलि देने वालों का तांता लगने लगा। हजारों की संख्या में ग्रामीण, सामाजिक कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि और परिचितजन उनके निवास पर पहुंचे और शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया। अंतिम दर्शन के लिए लोगों की भीड उमड पडी।

अंतिम संस्कार के अवसर पर गांव के बुजुर्गों, युवाओं और महिलाओं ने नम आंखों से उन्हें विदाई दी। हर कोई उनके कार्यों और व्यक्तित्व को याद करते हुए भावुक नजर आया। दलपत सिंह भाटी का निधन थलवाड गांव के लिए अपूरणीय क्षति माना जा रहा है।

# सिरोही पुलिस ने असावा ब्लाईन्ड मर्डर का खुलासा कर एक महिला आरोपी को किया गिरफ्तार

**रेवदर (निसं)।** सिरोही पुलिस अधीक्षक डॉ. प्यारेलाल शिवरान के निर्देशन में गोमा राम, वृताधिकारी वृत्त आबुपर्वत के नेतृत्व में थानाधिकारी, अनादरा, रेवदर, आबूरोड शहर मय टीम, डीएसटी टीम, साईबर सैल, डॉग स्कोड टीम आदि विशेष टीमों का गङ्गन किया।

टीमों ने असावा गांव में ०7 जनवरी को रात्री में अज्ञात मुल्जिम द्वारा कान्तादेवी पत्नि स्व. भैराराम जाति रावल उम्र 65 साल निवासी असावा का उसके रहवासी मकान में हत्या करने के मामले को गम्भीरता से लेते हुए ब्लाईन्ड मर्डर का मात्र ०2 दिन में खुलाशा करते हुये मुल्जिमा मधुदेवी रावल को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की गई।

घटना विवरण: 8 जनवरी को प्रातः ०8.30 बजे पर जरिये टेलिफोन थाने पर ईतला मिली कि असावा गांव में एक महिला की लाश उसके घर में पडी है और घर में सामान बिखरा पडा है जिस पर कमलेश नि.पु. थानाधिकारी अनादरा मय जाब्ता के मौके पर पहुंचे जहां मृतका कान्तादेवी रावल की लाश उसके रहवासी घर के कमरे में पडी मिली व घर में सामान अस्त व्यस्त मिला।

घटनास्थल पर प्रार्थी विष्णु कुमार पुत्र लच्छीरामजी जाति रावल उम्र 59 साल निवासी असावा हाल निवासी जे.जे कोलोनी पिण्डवाडा पुलिस थाना पिण्डवाडा ने एक हस्तलिखित रिपोर्ट इस आशय की पेश की कि मेरा सबसे बडा भाई-भैराराम के कोई सन्तान नहीं है मैराराम की करीब सात साल पूर्व मृत्यु हो चुकी है, मेरी भाभी कान्तादेवी उम्र 65 साल (लगभग) जो अकेली असावा गांव में रहती थी तथा पानी पुडी गल्ला किराणा का सामान बेचकर अपना जीवन यापन करती थी

जिसकी हत्या अज्ञात व्यक्ति ने कर दी है। वगैरा पर प्रकरण बीएनएस में दर्ज कर गहनता से अनुसंधान शुरू किया गया। पुलिस द्वारा घटना की गम्भीरता को देखते हुये मौके पर एमओबी, एफएसएल, एमआईयु, साईबर व डॉग स्कोड आदि विशेषज्ञ टीमों को घटनास्थल पर बुलवाया जाकर घटनास्थल निरीक्षण व फोटोग्राफी एवं विडियोग्राफी की गई एवं अन्य महत्वपुर्ण साक्ष्य संकलित किये गये तथा मुलका कान्तादेवी रावल का मेडिकल बार्ड से पोस्टमार्टम करवाया जाकर अज्ञात मुल्जिम की सरगर्मी से तलाश शुरू की गई।

जिला पुलिस अधीक्षक सिरोही द्वारा महिला के हत्या करने के मामले को गम्भीरता से लेते हुये तत्काल प्रभाव से जसाराम बोस अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक , मनोज कुमार गुप्ता, वृताधिकारी वृत रेवदर, गोमाराम, वृताधिकारी वृत आबुपर्वत व थानाधिकारी पुलिस थाना अनादरा, रेवदर, आबूरोड शहर को घटनास्थल पर भेजा गया तथा उक्त ब्लाईन्ड मर्डर के खुलासे हेतु तुरन्त अलग-अलग विशेष टीमें यथा अनुसंधान टीम, पुछताछ टीम, सादा वस्त्रधारी टीम, सीसीटीवी फुटेज चैक टीम, संदिग्धों की धरपकड टीम व साईबर टीम का गङ्गन किया गया तथा मौके पर भेजे गये उक्त अधिकारियों द्वारा असावा में दिन में कैम्प किया जाकर उक्त गङ्गित टीमों के साथ लगन व मेहनत से कार्य करते हुये गुप्त साक्ष्य व आसुचना एकत्रित की गई तो यह तथ्य सामने आये कि मृतका कान्तादेवी रावल की सहेली मधुदेवी में मन मुटाव था व मधुदेवी के चरित्र पर मृतका कान्तादेवी द्वारा की गई टिप्पणी से मधुदेवी नाराज थी। कमलेश निरीक्षक पुलिस थानाधिकारी अनादरा द्वारा मुल्जिमा मधुदेवी पत्नि मणीलाल जाति रावल निवासी असावा से मनोवैज्ञानिक तरीके से पुछताछ की गई तो मुल्जिमा मधुदेवी टुट गई व स्वयं द्वारा कान्तादेवी की हत्या करना स्वीकार किया एवं बताया कि ०7जनवरी को मधुदेवी मृतका के घर गई व कान्तादेवी का गला दबाकर हत्या कर उसके शव को घसीट कर घर में बने कमरे में पटक दिया व घटना को चोरों द्वारा कारित करने का रूप देने के लिये घर में पडा सामान बिखेर दिया व मृतका के गले की चैन व अन्य आभुषण अपने साथ लेकर चली गई। जिससे अज्ञात चोर पर हत्या का शक चला जाये। पुलिस थाना अनादरा व विशेष टीमों द्वारा लगातार भरसक व अथक प्रयास कर प्रकरण दर्ज होने के मात्र ०2 दिन के भीतर ही ब्लाईन्ड मर्डर का खुलासा करते हुये।

# गांधी-सुभाष के संवाद के माध्यम से विद्यार्थी ने साकार किया स्वतंत्रता संग्राम का दृश्य

- कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पण के साथ हुआ, जिससे समूचे वातावरण में ज्ञान, संस्कार एवं सांस्कृतिक चेतना का भाव प्रस्फुटित हुआ।
- विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री किशोर सिंह राजपुरोहित ने स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत करते हुए अतिथियों का अभिनंदन किया

**जालोर, (कासं)।** सेंट एंस सैकेंडरी स्कूल जालोर का 13वां वार्षिकोत्सव 'शंखनाद नवभारत' मल्लेश्वर मङ्ग प्रांगण में शनिवार देर शाम को अत्यंत गरिमामय, अनुशासित एवं राष्ट्र प्रेरक वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पण के साथ हुआ, जिससे समूचे वातावरण में ज्ञान, संस्कार एवं सांस्कृतिक चेतना का भाव प्रस्फुटित हुआ।

विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री किशोर सिंह राजपुरोहित ने स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत करते हुए अतिथियों का अभिनंदन किया तथा विद्यालय की शैक्षिक एवं सांस्कृतिक उपलब्धियों की संक्षिप्त जानकारी दी। कार्यक्रम का आगाज विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक प्रस्तुतियों एवं प्रभावशाली नाट्य मंचनों से हुआ। विद्यार्थियों ने भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती, 'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सौ वर्ष तथा ऑपरेशन सिंदूर जैसे समसामयिक एवं राष्ट्र प्रेरक विषयों पर आधारित प्रस्तुतियों के माध्यम से दर्शकों को भावविभोर कर दिया। विशेष आकर्षण के रूप में नेताजी सुभाषचंद्र बोस एवं महात्मा गांधी के संवाद का मंचन अत्यंत प्रभावशाली एवं विचारोत्तेजक रहा। विधार्थियों ने नन्हा मुन्ना राही हूँ... , पगडी संभाल जट्टा ..., कहते हैं हमको इंडिया वाले.., यह देश है वीर जवानों का.., भारत की बेटी तथा माता-पिता तुम्हें वंदन जैसे देशभक्ति गीतों पर विद्यार्थियों की सजीव प्रस्तुतियों ने सभागार को राष्ट्र प्रेम की भावना से ओत-प्रोत कर दिया। वहीं पंच परिवर्तन विषय पर आधारित प्रस्तुति में समरसता, वसुधैव कुटुंबकम, स्वदेशी अपनाओ वोकल फॉर लोकल, कर्तव्यबोध एवं पर्यावरण संरक्षण जैसे मूल्यों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत कर समाज को सकारात्मक संदेश दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छगन सिंह राजपुरोहित ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे सार्थक वार्षिक उत्सव केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं होते, बल्कि ये विद्यार्थियों के भीतर राष्ट्र प्रेम, अनुशासन, आत्मविश्वास एवं सामाजिक दायित्व की भावना को सुदृढ करते हैं। उन्होंने कहा कि जब शिक्षा को संस्कृति और संस्कारों से जोडा जाता है, तब वही शिक्षा राष्ट्र निर्माण की मजबूत नींव बनती है। विशिष्ट अतिथि लक्ष्मण सिंह राजपुरोहित ने बालिकाओं की शिक्षा, संस्कार और सशक्तिकरण पर विशेष बल देते हुए कहा कि शिक्षित और संस्कारित बालिका ही सशक्त परिवार एवं सशक्त राष्ट्र का आधार होती है। उन्होंने विद्यालय द्वारा किए जा रहे प्रयासों की मुक्तकंङ्ग से सराहना की। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता शिक्षाविद संदीप जोशी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जिस प्रकार कुरुक्षेत्र के मैदान में भगवान श्री कृष्ण और अर्जुन के शंखनाद ने तत्कालीन समस्याओं एवं चुनौतियां का सामना करने की दिशा में मार्ग प्रशस्त किया था वैसे ही वर्तमान में भी एक नए शंखनाद की आवश्यकता है, जो समाज के सामने उपस्थित विभिन्न चुनौतियों और समस्याओं के समाधान की और युवाओं और विद्यार्थियों को प्रेरित कर सके । शिक्षा का उद्देश्य केवल अंको की दौड में उलझना नहीं है ,नहीं, बल्कि मूल्यनिष्ठ, संवेदनशील और राष्ट्र के प्रति समर्पित नागरिक का निर्माण होना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को आधुनिक ज्ञान के साथ भारतीय जीवन मूल्यों को आत्मसात करने का आव्हान किया। इस अवसर पर संस्था सदस्य ललित राजपुरोहित ने परिवार में माता की महत्वपूर्ण भूमिका को समझाते हुए विद्यालय परिवार को सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं। सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए जीवन आनंद योग के संयोजक राजेंद्र भूतडा, ब्लड डोनेट ग्रुप के संयोजक नितेश भटनागर तथा गौ रक्षा सेवा दल के कार्यकर्ता छगन सुन्देशा को विशेष सम्मान प्रदान किया गया। विद्यालय की निदेशक पिंकी राजपुरोहित ने भावपूर्ण धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन आचार्य अविनाश परमार एवं आचार्य लता वैष्णव द्वारा किया गया, जबकि संपूर्ण आयोजन का प्रभावी संयोजन श्रीमती मीनाक्षी चौधरी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर डाईट के उप प्राचार्य शांतिलाल दवे, पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी मुकेश सोलंकी, कमलेश सोनी, गजेंद्र सिंह सिसोदिया,दिनेश बारोट ,संस्कृत भारती के कल्पेश बोहरा, दशरथ सिंह भाटी, सहित नगर के अनेक गणमान्य नागरिक, विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं बडी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे।

# कैलाश माली की हत्या का खुलासा

**जोधपुर, (कासं)।** जोधपुर ग्रामीण के कस्बा बिलाड़ा के उचियारड़ा बेरा में चांदी घड़ाई करने वाले कैलाश माली की निर्मम हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया। आरोपियों ने लूट के इरादे से हत्या की थी। पुलिस ने मामले में दो आरोपी भींयाराम और मनोहर सीरवी को दबोच लिया, जबकि तीसरा साथी गोपाल सीरवी पुणे भाग गया। जिसकी तलाश में पुलिस टीम रवाना की गई है।

जानकारी के अनुसार 7 जनवरी की रात कैलाश माली अपने किराये के मकान में थे। यहां चांदी लूटने के लालच में भींयाराम, मनोहर और गोपाल ने पार्टी की। इसके बाद लूट के इरादे से उसके सिर पर वार कर उनकी हत्या कर दी। हत्या का पता 10 जनवरी को चला। जब उसके दादा चंद्राराम व गंगाराम पहुंचे तो दरवाजा अंदर से बंद मिला। खिड़की से झांका तो खून से लथपथ लाश मिली। बाद में पुलिस मौके पर पहुंची तो मौक़े से चांदी के गहने व मोबाइल गायब मिला। वहीं पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। इसके बाद डीएसटी ने मुखबिर सूचना व तकनीकी डाटा से दोनों को पकड़ा। पुलिस ने आरोपी भींयाराम सीरवी, निवासी राठौड़ा का बेरा, उचियारड़ा व मनोहर सीरवी निवासी बर्फ़ा का खारचिया बेरा, उचियारड़ा को गिरफ्तार किया। जबकि तीसरा साथी गोपाल फरार है जिसकी तलाश की जा रही है। पुलिस कार्रवाई में थाना अधिकारी सवाईसिंह, डीएसटी प्रभारी श्रवणकुमार भवरिया, हरेन्द्र लोहरा आदि शामिल रहे।

# तीन और आरोपी गिरफ्तार

**पोकरण, (नि.सं.)।** पुलिस थाना पोकरण क्षेत्र में हुई गौवंश की निर्मम हत्या के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई जिला पुलिस अधीक्षक जैसलमेर अभिषेक शिवहरे के निर्देश पर की गई।

पुलिस के अनुसार 7 जनवरी 2026 की रात्रि को बदमाशों द्वारा एक गौवंश की हत्या कर दी गई थी। इस संबंध में प्रार्थी राजूसिंह पुत्र डूंगरसिंह राजपूत, निवासी बिलिया द्वारा पुलिस थाना पोकरण में रिपोर्ट दर्ज करवाई गई थी। रिपोर्ट के आधार पर प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पोकरण प्रवीण कुमार के निर्देशन एवं वृत्ताधिकारी पोकरण भवानी सिंह (आरपीएस) के सुपरविजन में थानाधिकारी भारत रावत के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीमों का गठन किया गया। टीमों द्वारा आसूचना संकलन एवं तकनीकी अनुसंधान के बाद तीन वांछित आरोपियों को दस्तयाब कर गिरफ्तार किया गया।